राज्यपाल सचिवालय

लोकभवन, राजस्थान

**राज्यपाल ने किया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण**

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पदचिन्हों पर चलकर अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने का किया आह्वाहन**

जयपुर/डीडवाना-कुचामन, 16 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे रविवार को डीडवाना के एक दिवसीय दौरे पर रहे। उन्होंने हॉस्पिटल चौराहे पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा नमन किया। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके साथ व्यतीत किये गए समय के अनुभवों को साझा किया। राज्यपाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन संघर्षों से भरा हुआ रहा परंतु उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में रहकर भी अपना पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय चुनावी राजनीति से दूर रहकर जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले व्यक्तित्व थे, उन्होंने गरीब को परमेश्वर माना और अंत्योदय की संकल्पना दी ताकि गरीब कल्याण सुनिश्चित हो सके। राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को अपनाने और उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वाहन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में राज्यपाल श्री बागडे द्वारा लोकतंत्र सेनानियों को भी सम्मानित किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री श्री अविनाश गहलोत, राज्यसभा सांसद श्री सतीश पूनिया ने भी संबोधित किया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के महत्व से अवगत करवाया।

-----

राज्यपाल सचिवालय

लोकभवन, राजस्थान

**राज्यपाल ने की जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

**समाज में नशे की प्रवृत्ति रोकने के लिए सभी मिलकर करें कार्य, युवाओं को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी - राज्यपाल**

जयपुर/डीडवाना-कुचामन, 16 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे रविवार को डीडवाना-कुचामन में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक लेकर जिले में नशामुक्ति, टीबी नियंत्रण एवं स्कूली शिक्षा सहित विभिन्न विषयों पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों तथा आमजन को मिलकर कार्य करना होगा।

समीक्षा बैठक में राज्यपाल श्री बागडे ने नशा मुक्त भारत अभियान की प्रगति, मादक पदार्थों की तस्करी एवं दुरुपयोग पर रोक, अंतर-एजेंसी समन्वय, उपचार-पुनर्वास एवं जन-जागरूकता अभियानों की समीक्षा की गई। जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए भावी कार्ययोजना और रणनीति पर चर्चा हुई। उन्होंने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय "टी.बी. मुक्त भारत अभियान" की प्रगति, स्क्रीनिंग शिविरों, निक्षय पोषण योजना एवं जन-जागरूकता गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई।

राज्यपाल ने जिले के राजकीय एवं निजी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 12 हेतु वर्गवार (SC, ST, OBC एवं सामान्य वर्ग) तथा लिंगानुसार नामांकन, उत्तीर्ण स्थिति, ड्रॉप-आउट दर एवं सुधारात्मक प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की । साथ ही उन्होंने वर्ष 2026 की NEET एवं JEE प्रतियोगी परीक्षाओं में जिले में वर्गवार (SC, ST, OBC एवं सामान्य वर्ग) तथा लिंगानुसार नामांकन एवं चयनित विद्यार्थियों की स्थिति का विश्लेषण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के उपाय करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री बागडे ने राजकीय खेल स्टेडियम में पौधरोपण किया और प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया

-----


जिला प्रशासन
डीडवाना - कुचामन




Hon'ble Governor of Rajasthan








पं. दीनदयाल उपाध्याय
मूर्ति अनावरण समारोह
श्रीमान सतीश पूनियां
श्रीमान अविनाश गहलोत






Hon'ble Governor of Rajasthan
